भारतीय रेल
बनारस रेल इंजन कारखाना, वाराणसी
बरेका चिकित्सालय

## लक्ष्य एवं उद्देश्य

बनारस रेल इंजन कारखाना चिकित्सा विभाग अपने सेवारत, सेवानिवृत्त कर्मियों एवं उनके परिवार के सदस्यों के लिए व्यापक स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं प्रदान करता है ।

- रेलवे लाभार्थियों को उपचारात्मक, निवारक, प्रोत्साहक और औद्योगिक स्वास्थ्य सेवाओं का प्रावधान।
- व्यावसायिक स्वास्थ्य सेवाएं, जिनमें पूर्व-रोजगार और सेवा के दौरान आवधिक चिकित्सा परीक्षण, श्रमिक क्षतिपूर्ति अधिनियम के अंतर्गत परीक्षण, सुरक्षित कार्य वातावरण की निगरानी आदि शामिल हैं।
- रेलवे दुर्घटनाओं के दौरान चिकित्सीय राहत।
- रेलवे उपनगर में पेयजल गुणवत्ता की निगरानी।
- परिवार कल्याण सहित प्रजनन एवं बाल स्वास्थ्य सेवाएं तथा असुरक्षित समूहों के टीकाकरण।
- राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों का कार्यान्वयन।

## चिकित्सा विभाग, बरेका की गुणवत्ता नीति

- हम स्वच्छ वातावरण में मानवीय दृष्टिकोण वाले योग्य कर्मचारियों के माध्यम से बरेका लाभार्थियों को लागत-प्रभावी चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने हेतु प्रतिबद्ध हैं।
- ग्राहक संतुष्टि हमारा मुख्य उद्देश्य है, साथ ही हम समय-समय पर विभागीय वार्तालाप, समीक्षा और लेखा-परीक्षा के माध्यम से अपनी सेवाओं में निरंतर सुधार हेतु प्रतिबद्ध हैं।

आपातकालीन नं.- 44740 (रेलवे)
आपातकालीन नं.- 05422270462
मरहम-पट्टी कक्ष नं.- 04522271437
स्वागती नं.- 44444 (रेलवे)
प्राथमिक चिकित्सा पोस्ट (कर्मशाला) - 05422270564
दमकल नं.- 05422270661

भारतीय रेल
बनारस रेल इंजन कारखाना, वाराणसी
बरेका चिकित्सालय

## चिकित्सा विभाग, बरेका

बरेका में चिकित्सा विभाग लगभग 49,954 लाभार्थियों को व्यापक स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं प्रदान करता है, जिनमें सेवारत व सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं उनके आश्रित शामिल हैं।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं प्रदान करने हेतु बरेका के पास :-

- 105 बिस्तरों वाला पूर्णतः सुसज्जित केंद्रीय चिकित्सालय।
- पश्चिमी उपनगर में एक स्वास्थ्य इकाई।
- कारखाना में एक प्राथमिक चिकित्सा पोस्ट।
- प्रमुख मुख्य चिकित्सा अधिकारी चिकित्सा विभाग के प्रमुख हैं। यहां 14 आईआरएचएस चिकित्साकों हेतु स्वीकृत पद हैं।

**बरेका चिकित्सालय में चिकित्सा सुविधाएं**

- **बहिरंग विभाग -** यहां विशिष्टताओं के साथ-साथ सामान्य बहिरंग रोगी सेवा उपलब्ध है, जहां प्रतिदिन औसतन 900 रोगी आते हैं। चौबीसों घंटे एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध है।
- **दंत चिकित्सा इकाई -** अंशकालिक दंत शल्य चिकित्सक के साथ एक पूर्णतः सुसज्जित दंत चिकित्सा इकाई सेवारत है।
- **अंतरंग में विशेषज्ञ सेवाएं -** पूर्णत: सुसज्जित 105 बेड, जिसमें 4 आईसीसीयू और 6 पोस्ट ऑपरेटिव वार्ड बेड शामिल हैं। **कार्डियक, मेडिकल, सर्जिकल, यूरोलॉजी, प्लास्टिक सर्जरी, ऑर्थोपेडिक, स्त्री रोग** व **प्रसूति, एनेस्थीसिया, बाल रोग, ईएनटी, मनोचिकित्सा, एंडोक्राइनोलॉजी** और विशेष सेवाएँ प्रदान किया जाता है।
- **आपातकालीन वार्ड -** पूर्णत: सुसज्जित 3 बिस्तरों वाली आपातकालीन इकाई द्वारा बहिरंग विभाग बंद रहने के दौरान सेवा दी जाती है।
- **स्वास्थ्य इकाई -** पश्चिमी उपनगर, बरेका में एक स्वास्थ्य इकाई है, जिसमें एक चिकित्सक कार्यरत है, जहां 100 रोगियों की औसतन बहिरंग उपस्थिति होती है।

आपातकालीन नं.- 44740 (रेलवे)
आपातकालीन नं.- 05422270462
मरहम-पट्टी कक्ष नं.- 04522271437

स्वागती नं.- 44444 (रेलवे)
प्राथमिक चिकित्सा पोस्ट (कर्मशाला) - 05422270564
दमकल नं.- 05422270661

भारतीय रेल
बनारस रेल इंजन कारखाना, वाराणसी
बरेका चिकित्सालय

- **प्राथमिक चिकित्सा पोस्ट -** चौबीसों घंटे एम्बुलेंस सेवा के साथ कारखाना के अंदर एक प्राथमिक चिकित्सा पोस्ट सेवारत है।
- **इमेजिंग जांच -** चौबीसों घंटे रेडियोलॉजिकल एक्स-रे, डेंटल एक्स-रे, ईसीजी सेवारत है।
- **पैथोलॉजी -** सेमी, ऑटो एनालाइजर एवं सेल काउंटर के साथ हेमेटोलॉजी, बायोकेमिस्ट्री तथा सीरोलॉजिकल परीक्षण सुविधाएं चौबीसों घंटे सेवारत है।
- **शल्य-चिकित्सा कक्ष -** सामान्य सर्जरी, यूरोलॉजी, ऑर्थोपैडिक्स, स्त्री रोग एवं प्रसूति, नेत्र रोग, ईएनटी एवं प्लास्टिक सर्जरी में सभी प्रमुख सर्जिकल ऑपरेशन हेतु शल्य-चिकित्सा कक्ष एनेस्थीसिया वर्क स्टेशन, मल्टीपैरा मॉनिटर, पल्स ऑक्सीमीटर, कार्डियक मॉनिटर, वेंटिलेटर, सी-आर्म मशीन, एडवांस लैप्रोस्कोपी एवं टीयूआरपी यूनिट ऑपरेटिंग ज़ूम माइक्रोस्कोप, फेको मशीन आदि से सुसज्जित है।
- **भौतिक चिकित्सा -** एसडब्लूडी एम/सी, अल्ट्रा साउंड डायथर्मी, इंटरफेरेंशियल थेरेपी, वैक्स थेरेपी, इंटरमिटेड कर्षण एवं विभिन्न व्यायाम के साथ भौतिक चिकित्सा सेवाएं प्रदान की जाती है।
- **परिवार एवं बाल कल्याण -** नसबंदी ऑपरेशन करना, प्रसवपूर्व एवं प्रसवोत्तर देखभाल तथा नियमित टीकाकरण प्रदान करना। कंडोम और ओरल पिल्स वितरित करना।
- **विशेष अभियान -** पल्स पोलियो, स्कूल स्वास्थ्य, सीआरपी शॉप और ईआरएस के बैटरी अनुभाग में कार्यरत कर्मचारियों की आवधिक जांच आदि।
- **कपड़े धोने की सेवाएं -** अस्पताल में कपड़े एवं लिनेन को साफ और स्वास्थ्यकर परिस्थितियों में धोने के लिए मशीनीकृत कपड़े धोने की सुविधा उपलब्ध है।
- **शवगृह -** वातानुकूलित दो कक्ष शवगृह।
- **पुस्तकालय -** चिकित्सालय में संत कबीर ग्रंथालय एवं वाचनालय (हिन्दी पुस्तकालय) स्थापित है।
- **कैंटीन -** रोगियों एवं आगंतुकों हेतु।
- **आउटसोर्स सेवाएं -**
  1. बायोमेडिकल अपशिष्ट निपटान।
  2. चिकित्सालयों की स्वच्छता।
  3. सीटी, एमआरआई एवं अन्य जांच।

आपातकालीन नं.- 44740 (रेलवे)
आपातकालीन नं.- 05422270462
मरहम-पट्टी कक्ष नं.- 04522271437

स्वागती नं.- 44444 (रेलवे)
प्राथमिक चिकित्सा पोस्ट (कर्मशाला) - 05422270564
दमकल नं.- 05422270661

भारतीय रेल
बनारस रेल इंजन कारखाना, वाराणसी
बरेका चिकित्सालय

## पृष्ठभूमि

बरेका कर्मियों एवं लाभार्थियों के लिए स्वास्थ्य सुविधाओं का प्रावधान 1963 में टाइप 3 आवास में से एक में एक डिस्पेंसरी के रूप में प्रारम्भ हुआ। 2011 में इसे पूर्वोत्तर रेलवे से अलग कर दिया गया और इसे सीधे बरेका के प्रशासनिक नियंत्रण में एक स्वतंत्र इकाई बना दिया गया।